द्वितीय सोपान स्काउट/ गाइड जाँच शिविर समापन समारोह 22 फरवरी 2022

(विचार दिवस)

सेंट मोन्टफोर्ट विद्यालय पटेल नगर भोपाल में द्वितीय सोपान स्काउट/गाइड जाँच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर 17 फरवरी से 21 फरवरी तक गतिमान रहा । दिनांक 22/ 02/2022 को स्काउट के जन्मदाता लार्ड वेडेन पॉवेल जी एवं उनकी पत्नी ओलेव वेडेन पॉवेल के जन्म दिन के शुभ अवसर पर इस शिविर का समापन सर्वधर्म प्रार्थना के साथ किया गया ।

इस समारोह में श्रीमती उषा यादव जी सहायक राज्य संगठन आयुक्त (गाइड) मुख्य अतिथि के रूप में पधारीं । साथ ही विशेष अतिथि के रुप में जिला सचिव श्री संदीप सिंहजी , जिला कमिश्नर रोवर राधा रमण अग्रवाल जी,जिला प्रशिक्षण आयुक्त शिविर संचालिका श्रीमती भगवती शर्मा, एवं शिविर सहयोगी के रूप में श्री अनिल दास जी और श्री प्रतीक रघुवंशी जी उपस्थित रहे ।कार्यक्रम की शुरुआत बेडेन पॉवेल एवं उनकी पत्नी श्रीमती ओलेव बेडेन पॉवेल के संक्षिप्त परिचय द्वारा की गई ।तत्पश्चात श्री बेडेन पावेल महोदय जी के छायाचित्र पर पधारे हुए सभी गणमान्य अतिथियों द्वारा माल्यार्पण कर शुभम करोति कल्याणम की भावना से ओतप्रोत दीप प्रज्वलन किया गया ।इसी क्रम में स्वागत की बेला में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती उषा यादव जी का पुष्प गुच्छ एवं शुभेच्छा पत्र एवं विद्यालय का 25 वाँ वर्ष अर्थात सिल्वर जुबली के प्रतीक चिन्ह से विद्यालय के प्राचार्य आदरणीय ब्रदर मोनाचन जी द्वारा स्वागत किया गया । स्वागत की बेला में पधारे हुए सभी अतिथियों का स्वागत वंदन पुष्पगुच्छए शुभेच्छा पत्र एवं प्रतीक चिन्ह के साथ किया गया ।

इसी श्रंखला में सर्व धर्म प्रार्थना अर्थात सभी धर्मों को एक भाव एक लड़ी में पिरोए हुए प्रार्थना संपन्न की गई जिसमें छात्रों ने सभी धर्मों की प्रार्थनाएँ प्रस्तुत की । तत्पश्चात शिविर संचालिका श्रीमती भगवती शर्मा द्वारा प्रतिवेदन वाचन किया गया जिसमें उन्होंने अपने एवं छात्रों के साथ मिले मधुर अनुभवों को बाँटा ।आपने अपने अनुभव में बताया कि कोरोना महामारी के कारण आज छात्रों की उपस्थिति कम थी फिर भी सराहनीय थी आगे अपेक्षित उपस्थिति रहेगी और हम अपने शिविर को आगे तक ले जाएँगे ।

द्वितीय सोपान शिविर के अनुभवों को स्काउट मास्टर अभिनव एवं गाइड अनुष्का चंद्रा द्वारा भी बांटा गया ।छात्रों ने बताया कि उन्होंने इस शिविर में पेट्रोल बनाना, प्राथमिक उपचार करना एवं विभिन्न प्रकार की हाईकिंग एवं स्ट्रेचर बगैरा बनाना सीखा साथ ही उन्होंने भोजन का अभ्यास भी किया । समूह में माता. पिता से अलग रहकर शिविर का आनंद लिया ।तत्पश्चात प्राचार्य जी द्वारा दिए गए उद्बोधन में शिविर की भरसक सराहना की गई । आपने छात्रों को मार्गदर्शन के साथ इस प्रकार के कार्यक्रम में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी । इसी कड़ी में मुख्य अतिथि महोदय द्वारा संभाषण में छात्रों के कार्यक्रम की तारीफ करते हुए छात्रों को राष्ट्रपति पुरस्कार तक आगे बढ़ने की प्रेरणा दी ।साथ ही विद्यालय के प्राचार्य एवं सभी शिक्षकों को भी मुख्य अतिथि महोदय ने धन्यवाद दिया ।

अंत में रिया सिंह मैम द्वारा मुख्य अतिथि महोदय एवं उपस्थित सभी मेहमानों का आभार व्यक्त किया गया ।आपने विद्यालय के शिक्षकों और छात्रों का भी आभार व्यक्त किया ।

इस सम्पूर्ण कार्यक्रम का सफल एवं उत्कृष्ट आयोजन करने में श्री संजू मेवाड़े जी की अहम भूमिका रही।

इस प्रकार हर्षोल्लास के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया ।

धन्यवाद

रेखा श्रीवास्तव